FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना नसीरपुर दिनांक 02-03-2026 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 01-03-2026 को थाना नसीरपुर क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट/डकैती की घटना के सम्बन्ध में थाना नसीरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/26 धारा 309(4) बी0एन0एस0 में वांछित 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त सोनवीर उर्फ सोनू पुत्र रामदास पैर में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, लूटे रुपयों में से 1,000 रुपये नकद, लूटा गया मोबाइल फोन एवं लूटा गया ऑटो UP-75-BT-6282 बरामद।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

वादी राजेश कुमार द्वारा थाना नसीरपुर पर तहरीर दी गयी कि वादी ऑटो चलाने का काम करता है। दिनांक 01-03-2026 की रात्रि में 02 व्यक्तियों द्वारा वादी का टैम्पों शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन से ग्राम रपड़ी जाने के लिये बुक किया गया। रास्ते में उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा वादी का ऑटो, 01 मोबाइल फोन एवं 1,200/- रुपए लूट लिये गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नसीरपुर पर मु0अ0सं0 42/26 धारा 309(4) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना नसीरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/26 धारा 309(4) बीएनएस0 का सफल अनावरण कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 02-03-2026 को थाना नसीरपुर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि थाना नसीरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/26 धारा 309(4) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्तगण द्वारा लूटे गये ऑटो को ग्राम रपडी के जंगल में छिपाया गया है। उक्त अभियुक्त लूटे गये ऑटो को बेचने की फिराक में बहोरी डाण्डा से सहजादपुर डिडौली की तरफ जाने वाले रास्ते से आ रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा सहजादपुर डिडौली मार्ग पर चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक ऑटो आता हुआ दिखाई दिया पुलिस टीम द्वारा उक्त ऑटो को रुकने का इशारा किया गया तो ऑटो चला रहा संदिग्ध ऑटो चालक, ऑटो को कच्चे रास्ते पर मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तथा ऑटो में

सवार एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गयी। अभियुक्त द्वारा की गयी फायरिंग में गोली थाना नसीरपुर पुलिस टीम के एचसीपी जितेन्द्र राजौरिया के हाथ को छूती हुई निकल गयी जिससे वह घायल हो गये। थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में 01 संदिग्ध व्यक्ति के पैर गोली लग गयी। थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा ऑटो की घेराबन्दी दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त की पहचान सोनवीर उर्फ सोनू पुत्र रामदास निवासी ग्राम खितौली थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद हाल निवासी शम्भू नगर पालीवाल चौराहा किराये का मकान थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद तथा दूसरे अभियुक्त की पहचान प्रशान्त उर्फ भोला पुत्र सतीश चन्द्र निवासी ग्राम खितौली थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद के रूप में हुई है। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, लूटे रुपयों में से 1,000 रुपये नकद, लूटा गया मोबाइल फोन एवं लूटा गया ऑटो UP-75-BT-6282 बरामद हुए हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त दिनाँक 01-03-2026 को थाना नसीरपुर क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना नसीरपुर पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 42/26 धारा 309(4) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्तगण हैं। घायल अभियुक्त सोनवीर उर्फ सोनू को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-

1.सोनवीर उर्फ सोनू पुत्र रामदास निवासी ग्राम खितौली थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद हाल निवासी शम्भू नगर पालीवाल चौराहा किराये का मकान थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2.प्रशान्त उर्फ भोला पुत्र सतीशचन्द्र निवासी ग्राम खितौली थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1-01 अवैध तमंचा 315 बोर।

2-01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3-02 खोखा कारतूस 315 बोर।

4-लूटे गये 1,000/- रुपये।

5-लूटा गया मोबाइल फोन।

6-लूटा गया ऑटो नम्बर UP 75 BT 6282

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्र0नि0 ज्ञानेन्द्र सिंह सोलंकी थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

2.उ0नि0 गौरव चौहान थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

3.उ0नि0 अंकित कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

4.उ0नि0 अजय कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

5.स0उ0नि0 जितेन्द्रपाल राजौरिया थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

6.है0कां0 157 उपेन्द्र कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

7.कां0 361 अरूण कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।